# राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड

चौथा तल, नेहरू सहकार भवन, भवानी सिंह रोड़, जयपुर–302006

फोन न0 : 0141–2740841,फैक्स न0 : 0141–2740676,

वेबसाईट : www.rajexcise.gov.in ई–मेल : dgmpurchase.rsgsm@rajasthan.gov.in


# ई–बिड आमंत्रण सूचना

## झोटवाड़ा मदिरालय पर भारत निर्मित मदिरा/ हैरिटेज मदिरा/ सैनिटाईजर एवं अन्य की भराई (पव्वा (180 एमएल)/बोतल (750 एमएल)/अन्य पात्रों आदि की धुलाई, भराई, सीलिंग, लेबलिंग, पैकिंग, स्टैकिंग इत्यादि समस्त कार्य)

### कार्य हेतु दर संविदा

### द्वि–भाग बिड

### भाग– प्रथम

### तकनीकी बिड

बिड क्रमांक– आरएसजीएसएम/मुख्यालय/मदिरा भराई/दर संविदा/2021–22/24 दिनांक 21.10.2021

| | | |
|---|---|---|
| बिड प्रपत्र डाउनलोड करने की अन्तिम दिनांक व समय | : | दिनांक 02.11.2021 को सांय 06.00 बजे तक |
| बिड प्रपत्र अपलोड करने की अन्तिम दिनांक व समय | : | दिनांक 02.11.2021 को सांय 06.00 बजे तक |
| तकनिकी बिड खोलने की दिनांक, समय व स्थान | : | दिनांक 03.11.2021 को दोपहर 03.00 बजे मुख्यालय, आरएसजीएसएम, जयपुर |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | : | वित्तीय बिड खोलने की सूचना ई–प्रॉक द्वारा स्वतः मैसेज के माध्यम से दी जावेगी |
| बिड प्रपत्र मूल्य | : | रूपये 2360 मय जीएसटी मात्र |
| बिड प्रोसेसिंग मूल्य | : | रूपये 1000 मात्र |

# राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड

## ई–बिड आमंत्रण सूचना

बिड क्रमांक–आरएसजीएसएम/मुख्यालय/मदिरा भराई/दर संविदा/2021–22/24 दिनांक 21.10.2021

1. राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड के अधीन संचालित झोटवाड़ा मदिरालय पर भारत निर्मित मदिरा/ हैरिटेज मदिरा/ सैनिटाईजर एवं अन्य की भराई (पव्वा (180 एमएल)/बोतल (750 एमएल)/अन्य पात्रों आदि की धुलाई, भराई, सीलिंग, लेबलिंग, पैकिंग, स्टैकिंग इत्यादि समस्त कार्य) हेतु दर संविदा किये जाने के क्रम में इच्छुक सेवा प्रदाता व्यक्ति/फर्म/कंपनी से ई–बिड्स आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :–

| कार्य | अनुमानित व्यय | बिड प्रपत्र शुल्क / प्रोसेस फीस | बोली प्रतिभूति राशि | दर वैधता अवधि | दिनांक /समय जिस तक बिड अपलोड करनी है | बिड खोलने की तिथि एवं समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| झोटवाड़ा मदिरालय पर भारत निर्मित मदिरा/ हैरिटेज मदिरा/ सैनिटाईजर एवं अन्य की भराई (पव्वा (180 एमएल)/बोतल (750 एमएल)/अन्य पात्रों आदि की धुलाई, भराई, सीलिंग, लेबलिंग, पैकिंग, स्टैकिंग इत्यादि समस्त कार्य) | 17.00 लाख | रू. 2360 मय जीएसटी / रू. 1000 | बोली घोषणा पत्र (अनुमानित व्यय का 1 प्रतिशत) | 90 दिवस | दिनांक 02.11.2021 सांय 06.00 बजे तक मुख्यालय पर | दिनांक 03.11.2021 सायंकाल 3.00 बजे मुख्यालय, आरएसजीएस, जयपुर पर |

2. राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड में कार्यरत कार्मिक अथवा उनके परिवार के सदस्यों द्वारा बिड में भाग लिया जाना पूर्णतः निषिद्ध है। परिवार की श्रेणी में दादा, दादी, माता, पिता, पत्नी,पुत्र,पुत्री (दत्तक पुत्र, पुत्री सहित), पुत्रवधु, पौत्र, पौत्री, बहन, भाई शामिल होंगे। यदि संस्थान में कार्यरत कार्मिक के किसी रिश्तेदार (उपरोक्तानुसार वर्णित परिवार के सदस्यों के अलावा) द्वारा बिड में भाग लिया जाता है तो उसे लिखित में कार्मिक के साथ रिश्ते का घोषणा पत्र बिड के साथ संलग्न करना होगा।
3. बिड प्रपत्र वेबसाइट www.rajexcise.gov.in or www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है एवं वेबसाइट eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
4. निर्धारित तिथि एवं समय के बाद कोई भी बिड स्वीकार नहीं की जावेगी।
5. **ई–बिड प्रस्तुतीकरण के लिये बिडर्स हेतु निर्देशः–**



**बिडर के हस्ताक्षर एवं मोहर**

# राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड

क बिड में भाग लेने वाले बिडर को इन्टरनेट वेब साइट eproc.rajasthan.gov.inपर रजिस्टर करवाना होगा। ऑन लाइन बिड में भाग लेने के लिए डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट (DSC, Type-III),इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट– 2000 के तहत प्राप्त करना होगा जो इलेक्ट्रोनिक बिड में साइन करने हेतु काम आयेगा। बिडर उपरोक्त डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट, सी. सी. ए. (CCA) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते हैं। जिन बिड दाताओं के पास E-Procurement Portal के लिए पूर्व में वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट है, उन्हें नया डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं हैं।

ख बिडर को बिड प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फार्मेट में उपरोक्त वेबसाइट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा।

ग इलेक्टॉनिक बिड प्रपत्रों को जमा कराने से पूर्व बिडर यह सुनिश्चित कर लेवे कि बिड प्रपत्रों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी बिड प्रपत्रों के साथ अटेच कर दी गयी हैं।

घ कोई भी बिड इलेक्ट्रोनिकी फार्मेट में जमा कराने में किसी कारण से विलम्ब हो जाता है तो उसकी जिम्मेदारी आरएसजीएसएम की नहीं होगी।

ङ बिड प्रपत्रों में आवश्यक सभी सूचियों को संपूर्ण रूप से भरकर ऑन लाईन दर्ज करें।

च ऑन लाईन बिड भरते समय संबंधित निर्देशों का पालन नहीं करने के परिणामस्वरूप बिड प्रक्रिया में उत्पन्न किसी भी प्रकार की बाधा के लिए आरएसजीएसएम की जिम्मेदारी नहीं होगी।

छ बिडर, यदि आवश्यक हो तो, ऑनलाईन बिड सबमिशन के प्रशिक्षण हेतु सूचना प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, प्रथम तल, योजना भवन, तिलक मार्ग, जयपुर के ई–प्रोक्यरमेन्ट सेल हेल्पडेस्क न. 0141–4022688, ई–मेलः eproc@rajasthan.gov.in वेबसाईटः www.eproc.rajasthan.gov.in से सम्पक्र कर सकते है।

ज बिड में सभी संशोधन बिड जारी करने के उपरान्त eproc.rajasthan.gov.in वेबसाइट पर ही जारी किये जावेंगे। बिडर द्वारा वेब (ई–मेल) पर संशोधनों/स्पष्टीकरण को प्राप्त नहीं करने के संबंध में किसी भी दावे को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

झ बिड शुल्क रू. 2360 मय जीएसटी (RSGSM Ltd. payable at Jaipur के पक्ष में), बिड प्रोसेसिंग शुल्क रू. 1000, बोली प्रतिभूति राशि (RSGSM Ltd. payable at Jaipur के पक्ष में) के डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/ऑनलाईन जमा विवरणी एवं एनेक्सर 'बी' (रू. 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर) ऑफलाईन बन्द लिफाफे में बिड प्रस्तुतीकरण की अन्तिम तिथि एवं समय तक क्रय अनुभाग, आरएसजीएसमएम, सहकार भवन में जमा कराना होगा। अन्य कोई भी दस्तावेज ऑफलाईन स्वीकार नहीं किये जावेगें अथवा ऑनलाईन जमा कराए जाने की स्थिति में ई–मेल अथवा अन्य माध्यम से अवगत कराना होगा। बिना बिड शुल्क, बिड प्रोसेसिंग शुल्क, बोली प्रतिभूति राशि के बिड़ स्वीकार नहीं होगी।

ञ बिडर यह भी सुनिश्चित करे कि बिड संबंधी एवं चैक–लिस्ट अनुसार सभी दस्तावेजों की सत्यापित प्रति एवं बिड प्रपत्र पूर्ण रूप से भरकर हस्ताक्षरित एवं मोहरबंद कर ऑनलाईन वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर आवश्यक रूप से अपलोड करें। ऐसा करने में असफल पाये जाने पर बिडर को तकनीकी आधार पर अयोग्य घोषित किया जा सकेगा।

**Dy. General Manager (Purchase)**



**बिडर के हस्ताक्षर एवं मोहर**

# राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड
# <u>ई–बिड आमंत्रण सूचना</u>

बिड क्रमांक–आरएसजीएसएम/मुख्यालय/मदिरा भराई/दर संविदा/2021–22/24 दिनांक 21.10.2021

Bids for liquor/other filling work are invited from interested bidders up to 06.00 PM on 02-11-2021. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state; http://rajexcise.gov.in/, departmental website.

**UBN:**

**उपमहाप्रबन्धक (क्रय)**



**बिडर के हस्ताक्षर एवं मोहर**

# राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड

| परिचय | |
|---|---|
| बिड क्रमांक | आरएसजीएसएम / मुख्यालय / मदिरा भराई / दर संविदा / 2021–22 / 24 |
| उपापन संस्थान | राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड |
| उपापनीय सेवा का विवरण | झोटवाड़ा मदिरालय पर भारत निर्मित मदिरा / हैरिटेज मदिरा / सैनिटाईजर एवं अन्य की भराई (पव्वा (180 एमएल) / बोतल (750 एमएल) / अन्य पात्रों आदि की धुलाई, भराई, सीलिंग, लेबलिंग, पैकिंग, स्टैकिंग इत्यादि समस्त कार्य) |
| बिड प्रपत्र का मूल्य | रू. 2360 मय जीएसटी का RSGSM Ltd. (Payable at Jaipur) के पक्ष में जारी बैंकर्स चैक / डीडी / ऑनलाईन व्यक्तिशः या डाक द्वारा कंपनी मुख्यालय की क्रय शाखा में निर्धारित तिथि व समय पूर्व / तक पहुंचाना अनिवार्य है। |
| बिड प्रोसेसिंग का मूल्य | रू. 1000 का MD RISL (Payable at Jaipur) के पक्ष में जारी बैंकर्स चैक / डीडी / ऑनलाईन जमा (संस्थान खाते में) व्यक्तिशः या डाक द्वारा कंपनी मुख्यालय की क्रय शाखा में निर्धारित तिथि व समय पूर्व / तक पहुंचाना अनिवार्य है। |
| बिड जिसको प्रस्तुत करनी है, अथवा कोई स्पष्टिकरण वाछिंत है | उप–महाप्रबंधक (क्रय) ,<br>राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड,<br>चतुर्थ तल, नेहरू सहकार भवन, जयपुर।<br>फोन न0 : 0141–2740841, फैक्स : 0141–2740676<br>ई–मेल : dgmpurchase.rsgsm@rajasthan.gov.in |
| प्री बिड बैठक | नहीं |
| बिड की भाषा | हिन्दी व अंग्रेजी |
| बिडर को बिड के साथ संलग्न करना है– | बिड की शर्तों एवं चैक लिस्ट में उल्लेखितानुसार |
| दरों की वैधता अवधि | तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि से 90 दिवस |
| अधिकृत करना | बिडदाता के लैटर हैड पर पॉवर ऑफ अटॉर्नी या अधिकृति पत्र |
| बिड प्रपत्र को डाउनलोड करना | rajexcise.gov.in or sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है एवं वेबसाइट eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| बिड डाउनलोड व अपलोड करने का अन्तिम दिनांक व समय | दिनांक 02.11.2021 को सांय 06.00 बजे तक वेबसाइट eproc.rajasthan.gov.in |
| तकनिकी बिड खोलने की दिनांक व समय | दिनांक 03.11.2021 दोपहर 03.00 बजे eproc.rajasthan.gov.in द्वारा मुख्यालय, आरएसजीएसएम, जयपुर। |
| वित्तीय बिड डाउनलोड करने की दिनांक व समय | ई–प्रॉक द्वारा स्वतः मैसेज प्रणाली के माध्यम से दी जावेगी |
| अवधि जिसमें कार्य सम्पादन राशि जमा कराकर अनुबंध का निष्पादन किया जाना है | स्वीकृति पत्र जारी करने के 15 दिवस में करना होगा, अन्यथा बोली प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी। |
| प्रथम अपील प्राधिकारी का पदनाम व पता | संयुक्त शासन सचिव, वित्त (आबकारी) विभाग, शासन सचिवालय राजस्थान सरकार, जयपुर। |
| द्वितीय अपील प्राधिकारी का नाम व पता | राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लि0 के संचालक मंडल द्वारा नियुक्त दो निदेशक । |



**बिडर के हस्ताक्षर एवं मोहर**

# राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड

मैं/हम ........................................................ (व्यक्ति/फर्म/कंपनी आदि) बहैसियत ...........................................

(पदनाम/प्रास्थिति) द्वारा समस्त बिड दस्तावेज का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लिया गया है एवं इसके समस्त प्रावधानों व शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करते हैं तथा स्वीकारोक्ति स्वरूप सभी पृष्ठों पर आद्याक्षर कर दिये गये हैं। मेरी/हमारी जानकारी निम्नानुसार है–

| | |
|---|---|
| व्यक्ति/फर्म/कंपनी का नाम | ———————————————————— |
| | ———————————————————— |
| | ———————————————————— |
| कार्यालय पता | ———————————————————— |
| | ———————————————————— |
| | ———————————————————— |
| पत्र व्यवहार का पता | ———————————————————— |
| | ———————————————————— |
| | ———————————————————— |
| दूरभाष संख्या | कार्यालय ———————————————————— |
| | निवास ———————————————————— |
| | पता ———————————————————— |
| | फैक्स ———————————————————— |
| | ई–मेल ———————————————————— |
| | मोबाईल ———————————————————— |

वैधानिक विवरणः–

| | |
|---|---|
| आयकर विभाग पंजीयन(पैन) | ———————————————————— |
| माल एवं सेवा कर पंजीयन क्रमांक (GSTN) | ———————————————————— |



**बिडर के हस्ताक्षर एवं मोहर**

# राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड

कान्ट्रेक्ट लेबर एक्ट 1970 के अनुसार पंजीयन संख्या एवं दिनांक ---------------------------

पीएफ कोड संख्या ---------------------------

ई.एस.आई. में पंजीयन संख्या ---------------------------

माल एवं सेवा कर जमा की विवरणी का संदर्भ ---------------------------

**बोली प्रतिभूति राशि मय मदिरालय का विवरण**

डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक संख्या/ऑनलाइन जमा एवं दिनांक ---------------------------

डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक राशि /ऑनलाइन जमा एवं दिनांक ---------------------------

**बिडर के बैंक खाते का विवरण**

बिडर का बैंक का नाम एवं शाखा ---------------------------

बिडर का बैंक खाता संख्या ---------------------------

बिडर का बैंक आरटीजीएस न0 ---------------------------

हस्ताक्षर ---------------------------

नाम व पदनाम हस्ताक्षरकर्ता ---------------------------

**नोट : उक्त सभी प्रविष्टियां पूर्ण व अनिवार्य रूप से भरें।**



**बिडर के हस्ताक्षर एवं मोहर**

# राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड

## झोटवाड़ा मदिरालय पर भारत निर्मित मदिरा/ हैरिटेज मदिरा/ सैनिटाईजर एवं अन्य की भराई (पव्वा (180 एमएल)/बोतल (750 एमएल)/अन्य पात्रों आदि की धुलाई, भराई, सीलिंग, लेबलिंग, पैकिंग, स्टैकिंग इत्यादि समस्त कार्य) हेतु दर संविदा

*टिप्पणी–लोक उपापन के संबंध में राज्य मे "राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012" एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 प्रभावशील हैं एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल **http:/sppp.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध हैं। अतः समस्त बिडर को सलाह दी जाती है कि वे बोली प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व इन नियमों से भलीभांति परिचित हो लेवें। यदि लोक उपापन अधिनियम , नियम तथा इस बोली दस्तावेज के किन्हीं प्रावधानों के बीच असाम्यता हो तो अधिनियम/नियम में उल्लेखित प्रावधान तथा आशय ही मान्य/प्रभावी रहेगा।*

**1.** यह ई–बिड 1 वर्ष की अवधि के लिए है, जिसमें बिडर को सम्पूर्ण मदिरा भराई का कार्य करना होगा, जिसमें मूलभूत कार्य झोटवाड़ा मदिरालय पर भारत निर्मित मदिरा/ हैरिटेज मदिरा/ सैनिटाईजर एवं अन्य की भराई (पव्वा (180 एमएल)/बोतल (750 एमएल)/अन्य पात्रों आदि की धुलाई, भराई, सीलिंग, लेबलिंग, पैकिंग, स्टैकिंग इत्यादि समस्त कार्य) की संपूर्ण प्रक्रिया संपादित करने का कार्य के इच्छुक सेवा प्रदाता व्यक्ति/फर्म/कंपनी से ई–बिड आमंत्रित की जाती हैं।

**2.** **कार्य का विवरणः–** बिडर को स्टोर से खाली ग्लास पव्वे/बोतल इत्यादि सफाई/धुलाई स्थल तक लाना, धुलाई करना तथा धुलाई पश्चात इन्हें मशीन पर लाना, भराई करना, चैकिंग, सीलिंग, ऑटोमेटिक गमिंग मशीन/ ऑटो लेबलिंग मशीनों द्वारा बैच नं. लगे हुए लेबल लगाने होंगे (सभी लेबलों पर बैच नं., मदिरालय का नाम एवं दिनांक अंकित करने होंगे) तदुपरान्त निर्धारित मात्रा में कॉर्टन में पैक करने व भरे हुए कॉर्टन को वापिस स्टोर तक पहुँचाकर उन्हें जमाने होंगे। इसके पश्चात भराई स्थल, मशीन व स्टोर की पूर्ण साफ–सफाई करने के पश्चात प्रभारी को सुपुर्द करके ही जाना होगा। इस प्रकार खाली पव्वे/बोतल स्टोर स्थान से लेकर, भरी मदिरा के कॉर्टन स्टोर में स्टेकिंग करने तक की समस्त प्रक्रिया का कार्य करना होगा।

सफल बिडर द्वारा धुलाई, भराई, लेबलिंग एवं पैकिंग इत्यादि उक्त सभी कार्य दक्ष श्रमिकों से ही निष्पादित कराया जाना होगा।

लेबलिंग कार्य हेतु बिडर को ऐडेसिव लेबलिंग की दशा में ऑटोमेटिक लेबंलिंग मशीन संस्थान द्वारा उपलब्ध करवाई जायेगी। इसी भाँति नॉन – ऐडेसिव लेबलिंग कार्य की दशा में ऑटोमेटिक लेबंलिंग मशीन संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। उक्त **दोनों मशीनों पर बिडर को स्वयं के कुशल, अनुभवी एवं दक्ष श्रमिक (मशीन–ऑपेरटर) रखने होगें।** परन्तु अपरिहार्य परिस्थितियों में मशीन के कार्य नहीं करने की स्थिति में बिडर को लेबलिंग कार्य मैनुअल आधार पर स्वयं के स्तर पर कराना होगा। इस हेतु उन्हें पृथक से कोई भुगतान नहीं किया जावेगा। यदि किन्ही कारणों से किसी मदिरालय पर ऑटोमेटिक लेबलिंग (ऐडेसिव अथवा नॉन – ऐडेसिव) मशीन संस्थान द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो ऐसी स्थिति में संपूर्ण कार्य सफल बिडर को अपने स्तर पर करना होगा।

3. गमिंग मशीन मय ऑपरेटर की आपूर्ति/व्यवस्था बिडर के स्तर पर की जावेगी तथा अनुबंध अवधि में उसकी मेन्टीनेस भी स्वयं बिडर द्वारा की/करवाई जावेगी ।

4. मदिरालय पर स्थापित बॉटलिंग लाईन एवं ऑटोलेबलिंग मशीन (वेट ग्लू/ स्टीकर) एवं संबंधित मशीनरी की साफ सफाई, संचालन एवं मेन्टीनेन्स कार्य करना बिडर को स्वयं के स्तर (कुशल, अनुभवी एवं दक्ष श्रमिक (मशीन–ऑपेरटर) टूलकिट के साथ रखकर) पर करना अनिवार्य होगा। दिन प्रतिदिन का मेन्टेनेन्स खर्च (फिलिंग मशीन, सिलिंग मशीन एव चैन पट्टा इत्यादि के दैनिक


**बिडर के हस्ताक्षर एवं मोहर**

रखरखाव रिपेयरिंग इत्यादि) बिडर को स्वयं के स्तर पर वहन करना होगा। इसके लिये अलग से कोई भुगतान देय नहीं होगा। मशीन में बडी खराबी होने पर संस्थान द्वारा रिपेयर कराया जावेगा।

5. आवश्यकता पड़ने पर एक से अधिक शिफ्ट में भी कार्य करवाया जा सकता है।
6. एक वर्ष की अवधि में मदिरालय झोटवाड़ा (जयपुर) पर भारत निर्मित/हेरिटेज/5 यू.पी. के. के. मदिरा/सैनिटाईजर/ अन्य भराई कार्य का अनुमानित व्यय राशि रू. 17.00 लाख का आंकलन किया गया है। बिडर द्वारा बोली प्रतिभूति घोषणा पत्र (रू. 100 के नॉन–ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर नोटराईज्ड) जमा कराना आवश्यक होगा तथा उस पर आवेदित मदिरालय/कार्य का विवरण अंकित करना आवश्यक होगा। उक्त बोली प्रतिभूति घोषणा पत्र के अभाव में बिड स्वीकार योग्य नहीं होगी।
7. सफल बिडर को अनुबंध निष्पादन के समय अनुबन्ध राशि की 2.5 प्रतिशत राशि कार्य सम्पादन राशि के रूप में जमा करानी होगी।
8. भारत निर्मित/हेरिटेज/5 यू.पी. के. के. मदिरा/सैनिटाईजर/ अन्य भराई कार्य का मदिरालयवाईज अनुमानित व्ययसे संबंधित समस्त कार्य के लिये वित्तीय बिड में दर अंकित करनी होगी।
9. बिडर को बिड के साथ ई.पी.एफ, ई.एस.आई, श्रम विभाग के पंजीयन, जी.एस.टी के रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं पैन संख्या से संबंधित दस्तावेजो की प्रतियाँ प्रस्तुत (अपलोड) करनी होगी, जिसके अभाव में बिडर की बिड निरस्त की जा सकेगी।
10. उक्त भराई कार्य के श्रमिकों को देय राशि पर ई.एस.आई/ई.पी.एफ, एवं अन्य कर बिडर को वहन करने होंगे। निर्धारित तिथि तक बिडर द्वारा ई.पी.एफ/ई.एस.आई की राशि जमा करवाकर चालान की एक प्रति प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में बिल के साथ भी संलग्न करनी होगी। ई.पी.एफ/ई.एस. आई रिटर्न बिडर द्वारा ही भरी जावेगी एवं श्रमिकों के ई.पी.एफ/ई.एस.आई समस्त हित/लाभ दिलवाने की जिम्मेदारी बिडर होगी। इसके अभाव में बिडर को देय राशि के भुगतान में होने वाले विलम्ब का उत्तरदायित्व बिडर का स्वयं का होगा। बिडर द्वारा प्रस्तुत चालान का प्रयोग वास्तविक नियुक्त श्रमिकों को ही किए जाने की पुष्टि की जा सकेगी।
11. बिडर के उपलब्ध कराये गये श्रमिकों की उदासीनता के कारण यदि संस्थान को सामग्री / ग्लास पव्वे/ बोतल तथा अन्य पैकिंग मैटिरियल में टूट फूट के रूप में किसी प्रकार की कोई क्षति/हानि होती है तो उसके लिये बिडर उत्तरदायी होंग तथा बिडर को ऐसी क्षति राशि की पूर्ति करनी होगी।
12. कान्ट्रेक्टर का लेबर रेग्यूलेशन एक्ट के तहत पंजीकृत होना आवश्यक होगा एवं कान्ट्रेक्ट लेबर (रेगुलेशन एण्ड अबोलिशन) एक्ट, 1970 एवं बाद में उक्त एक्ट में किये गये संशोधन सहित इसके समस्त प्रावधानों की पालना करनी होगी।
13. प्रभारी मदिरालय प्रतिदिन संस्थान की मदिरा केसेज की आवश्यकता / मांग भराई से ठेकेदार को अवगत करायेंगे जिसके लिये मांग रजिस्टर संधारित किया जायेगा जिस पर प्रतिदिन मदिरा केसेज की आवश्यकता/मांग को अंकित करते हुए प्रभारी मदिरालय एवं भराई ठेकेदार/प्रतिनिधि के हस्ताक्षर करवाये जायेगें एवं भराई पूर्ण होने के पश्चात् भरी मदिरा केसेज की मात्रा का अंकन कर उस पर भी प्रभारी मदिरालय एवं भराई ठेकेदार/प्रतिनिधि के हस्ताक्षर करावाये जायेंगे।
14. बिडर को न्यूनतम मजदूरी भुगतान अधिनियम के प्रावधानों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करनी होगी जिसके अभाव में उत्पन्न किसी भी स्थिति के लिये बिडर स्वयं उत्तरदायी होंगे।
15. निर्धारित नॉर्म्स एवं दिशा निर्देशों के अधीन पूर्ण रूप से भरे हुए कार्टन पैकिंग की गणना व तत्संबंधी प्रभारी मदिरालय के सत्यापन के उपरान्त ही भराई कार्य के लिये बिडर को मासिक आधार पर भुगतान किया जावेगा।
16. 

    क   बिडर को प्रतिदिन संस्थान की आवश्यकतानुसार पव्वों की धुलाई/लेबलिंग/पैकिंग इत्यादि कार्य करवाने होंगे।

ख यदि बिडर निर्धारित मापदण्ड के अनुसार पेटी भराई एवं पैकिंग कार्य करने में असफल रहता है तो ऐसे कम भराई किये गये केसेज के लिये रू. 10 प्रति पेटी की दर से शास्ति आरोपित की जावेगी जिसकी वसूली बिडर के देय मासिक भुगतान से की जावेगी। निर्धारित मापदण्ड का अभिप्राय है कि बिडर को 3एफ3एस बोटलिंग लाईन की क्षमता 900 केसेज (प्रति केस 48 पव्वे)/ 1500 केसेज (प्रति केस 12 बोतल) प्रति शिफ्ट एवं 3एफ4एस बोटलिंग लाईन की क्षमता 1100 केसेज (प्रति केस 48 पव्वे) / 1700 केसेज (प्रति केस 12 बोतल) प्रति शिफ्ट है। बिडर को संस्थान की मांग एवं मशीन की क्षमता अनुसार उत्पादन करना होगा। आवश्यकता होने पर एक या एक से अधिक पारी में भी मदिरा का उत्पादन कराया जा सकेगा।

ग प्रत्येक केस में 48 पव्वे / 12 बोतल/06 बोतल होना आवश्यक होगा। इस क्रम में कोई भी त्रुटी/कमी पाये जाने पर संस्थान को होने वाले नुकसान/दायित्व की जिम्मेवारी बिडर की होगी।

घ कम गुणवत्ता की मदिरा/अन्य भराई बिल्कुल भी स्वीकार नहीं की जावेगी। निरन्तर कम गुणवत्ता के परिणाम रहने की दशा में बिडर की रिस्क एण्ड कॉस्ट पर अन्यत्र कार्य कराया जा सकेगा तथा कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जब्त करते हुए अनुबंध निरस्त किया जा सकेगा। गुणवत्ता से अभिप्राय है कि पव्वों / बोतलों में निर्धारित मात्रा (180 / 750 एमएल) में मदिरा/अन्य की भराई करनी होगी, निर्धारित से कम/अधिक मात्रा की भराई स्वीकार्य नहीं होगी। मात्रा में कोई भी कमी/बेशी पाये जाने पर संस्थान को होने वाले नुकसान/दायित्व की जिम्मेवारी बिडर की होगी। इसी प्रकार प्रत्येक पव्वे/ बोतल पर सीलिंग एवं लेबलिंग कार्य उच्च गुणवत्ता युक्त होना चाहिए। लीकेज पव्वा / बोतल एवं टेड़े–मेड़े लेबल अथवा बिना लेबल पव्वे / बोतल स्वीकार्य नहीं होंग। इस क्रम में कोई भी त्रुटि/कमी पाये जाने पर संस्थान को होने वाले नुकसान/दायित्व की जिम्मेवारी बिडर की होगी।

17. बिडर दैनिक आधार पर कार्य करने वाले श्रमिकों के नाम, पते, आई.डी. गोदाम प्रभारी को उपलब्ध करायेंगे तथा बिडर स्वयं भी अपने रजिस्टर में उनके संबंध में उक्त सभी सूचना संधारित करेंगे, एक प्रति सुरक्षा गेट पर प्रतिदिन उपलब्ध करायेंगे। श्रमिकों के आधार कार्ड/फोटोयुक्त आईडी की एक छायाप्रति स्वयं के अभिलेख में अवश्य रखेगें। अधिकृत बिडर के कार्मिक पहचान के लिए फोटो युक्त आई.डी. प्रूफ धारण करना आवश्यक होगा।

18. बिडर को मदिरा भराई एवं धुलाई कार्य आबकारी विभाग के नियमानुसार एवं संस्थान की प्रक्रिया / निर्देशानुसार करवाना होगा। श्रमिकों के किसी प्रकार की अवैधानिक गतिविधियां/अपराधिक मामलों में लिप्त पाये जाने पर उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी बिडर की होगी। संस्थान को संबंधित श्रमिक के कारण होने वाले नुकसान की वसूली बिडर से की जावेगी, साथ ही अपेक्षित विधिक कार्यवाही की जावेगी।

19. यदि उपापन संस्था परिस्थितियों में परिवर्तन के कारण उपापन की कोई विषयवस्तु उपाप्त नहीं करती है या बोली दस्तावेजों में विनिर्दिष्ट परिमाण से कम उपाप्त करती है तो बोली लगाने वाला बोली दस्तावेजों में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दावे या प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

20. कार्य में प्रयुक्त सभी कार्मिकों से सम्बन्धित समस्त विधिक प्रावधानों/दायित्वों के लिये बिडर स्वयं उत्तरदायी होंगे।

21. बिडर द्वारा सभी मशीनों पर कार्य करने के लिये अनुभवी दक्ष श्रमिकों को ही लगाया जावेगा एवं कोई भी बाल श्रमिक नहीं रखा जायेगा।

22. श्रमिकों के द्वारा कार्य की अवधि के दौरान यदि मशीन में किसी प्रकार की टूट–फूट या क्षति होती है तो उसके लिये सफल बिडर स्वयं जिम्मेदार होगा एवं संस्थान को होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति सफल बिडर को करनी होगी।
23. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में कम्पनी के प्रभारी संचालक के द्वारा सोल ऑर्बीट्रेटर (एकल मध्यस्थ/पंच) नियुक्त किया जा सकेगा तथा उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा। एकल पंच पर होने वाला व्यय दोनों पक्षों के द्वारा समान रूप से वहन किया जावेगा।
24. अनुबंध की अवधि कार्यादेश जारी होने की तिथि से एक वर्ष के लिये होगी, जिसे संस्थान की आवश्यकतानुरूप आरटपीपी नियमों के प्रावधानान्तर्गत 3 माह के लिये अभिवृद्ध किया जा सकेगा।
25. इस अनुबन्ध के तहत किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की दशा में सम्बन्धित क्लॉज के तहत कानूनी कार्यवाही के लिये वाद क्षेत्र जयपुर स्थित न्यायालय ही होगा।
26. प्रतिदिन कार्य समाप्त होने पर मशीनों की साफ–सफाई/मेन्टीनेन्स का कार्य नियमित आधार पर बिडर को स्वयं के स्तर पर करना होगा।
27. निर्धारित राशि के नॉन जूडिशियल स्टॉम्प पर सफल बिडर को अनुबन्ध करना होगा एवं स्टाम्प राशि का व्यय भार बिडर का स्वयं का होगा।
28. बिडर को राज्य/केन्द्रीय सरकार के संबंधित नियमों की पालना करनी होगी तथा बिडर के बिलों में से नियमानुसार आयकर/ सर्विस टैक्स या अन्य वैधानिक कटौतियां स्त्रोत पर की जा सकेगी।
29. बिड प्रपत्र/शर्तों अनुबन्ध का भाग होगा।
30. अन्य नियम व शर्ते जिनका उल्लेख ऊपर नहीं किया गया है, आरटीपीपी एक्ट, 2012 एवं आरटीपीपी नियम, 2013 के प्रावधानानुसार होंगे।
31. अनुबन्ध की शर्तो का उल्लंघन करने या कार्य सन्तोषजनक नहीं करने की स्थिति में इस अनुबन्ध के अन्तर्गत जमा धरोहर राशि पूर्ण अथवा आंशिक रूप से जब्त की जा सकेगी, जिस पर 18 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त देय / वसूली योग्य होगा।
32. सफल बिडर को काम पर लगाये गये श्रमिकों/कर्मचारियों को भुगतान चैक/NEFT/RTGS के माध्यम से करना होगा तथा पुष्टि स्वरूप आगामी बिल के साथ संबंधित दस्तावेज की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
33. बिडर के किसी भी श्रमिक भली भाँति कार्य निष्पादित नहीं करने अथवा कार्य में व्यवधान उपस्थित करने की स्थिति में बिडर को उसे तत्काल प्रभाव से पृथक करना होगा।
34. दो प्रतियो में सत्यापित बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान किया जावेगा।
35. राज्य सरकार के आदेश क्रमांक एफ1(8) वित्त/साविलेनि/2011 दिनांक 04.02.2014 के अनुसार बिड प्रपत्र के साथ संलग्न एनेक्चर ए,बी,सी,डी की शर्तो की पूर्ण पालना कर बोली फार्म के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।
36. यदि सामान्य शर्तों एवं विशेष शर्तों में कोई विरोधाभास हो तो विशेष शर्त में विहित आशय ही मान्य किया जावेगा।
37. बिडर का राजस्थान ठेका श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 (यदि लागू हो) /राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 अथवा इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत अथवा इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत लाईन्सेस/रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।
38. बिडर/संवेदक द्वारा विभिन्न पंजीकरण इत्यादि का विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया जावेगा :–

| क्र. सं. | विवरण | लाईन्सेस/रजि. सं. | दिनांक | वर्ष | संलग्नक क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान ठेका श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 | | | | |
| 2. | कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 | | | | |



**बिडर के हस्ताक्षर एवं मोहर**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3. | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 | | | | |
| 4. | वस्तु एवं सेवा कर(जीएसटी) | | | | |
| 5. | आयकर (पैन नंबर) | | | | |
| 6. | राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958<br>या<br>इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत<br>या<br>इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत | | | | |

39. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 (केन्द्रीय अधिनियम 11, वर्ष 1948) के वैधानिक प्रावधानों की अनुपालना का दायित्व सम्बन्धित संवेदक का होगा।
40. कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत संवेदक ही उक्त प्रकार की बोली में भाग लेने हेतु अर्हत होंगे। पंजीकरण प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि पूर्ण रूप से भरे हुए बोली दस्तावेज के साथ संबंधित उपापन संस्था को प्रस्तुत की जायेगी।
41. संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रूप से उनके बैंक खातों में ही किया जायेगा। संबंधित संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिकों के बैंक खाते में जमा कराई गई राशि का विवरण संबंधित उपापन संस्था को आगामी माह के मासिक बिल के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जायेगा। श्रमिकों के बैंक खातों में जमा कराई गई राशि के विवरण बाबत् उपापन संस्था की संतुष्टि होने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल का भुगतान किया जायेगा।
42. वित्त (G&T) विभाग के परिपत्र सं. 1/2018 दिनांक 30.04.2018 सपठित श्रम विभाग की पुनरीक्षित न्यूनतम मजदूरी अधिसूचना दिनांक 07.06.2018 के अनुसरण में कार्यादेश अवधि के दौरान न्यूनतम मजदूरी के परिवर्तन होने की स्थिति में ठेकेदार द्वारा श्रमिकों को परिवर्तित दरों के अनुसार भुगतान किया जावेगा।
43. श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने के लिये संविदा अवधि के दौरान न्यूनतम मजदूरी दर में श्रम विभाग की अधिसूचना से समय समय पर वृद्धि होने पर उपापन संस्था द्वारा संवेदक को बढ़ी हुई न्यूनतम मजदूरी की सीमा तक अन्तर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।
44. संवेदक को राज्य/केन्द्र सरकार की नवीनतम दरों के अनुसार अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. जमा कराना होगा, जिसमें नियोजित श्रमिकों की मजदूरी राशि से कटौती और संवेदक का अंशदान शामिल होगा। संवेदक द्वारा अपने आगामी माह के बिल के साथ गत माह के पेटे श्रमिकों के ई.पी.एफ. और ई.एस.आई. के अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कराये जाने की पुष्टि से संबंधित चालान की प्रति प्रस्तुत किए जाने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल/बिलों का भुगतान किया जायेगा। चालान की पुष्टि सम्बन्धित विभाग से कराई जा सकेगी।
45. संवेदक द्वारा प्रत्येक कार्य स्थल पर Display board लगाये जायेंगे जिन पर संवेदक का नाम, संविदा अवधि, कार्य की प्रगति, श्रमिकों हेतु हेल्पलाईन नम्बर एवं संवेदक द्वारा न्यूनतम मजदूरी भुगतान नहीं करने की शिकायत करने संबंधी प्रावधान का विवरण स्पष्ट रूप से अंकित किया जाएगा।
46. राज्य में लागू श्रम नियमों के अंतर्गत अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. की राशि जमा कराने का दायित्व संवेदक का होगा।
47. संवेदक द्वारा श्रमिकों को देय राशि पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की राशि अतिरिक्त रुप के देय होगी। सभी प्रकार के करों को जमा करावाने की जिम्मेदारी संवेदक की ही होगी। संवेदक द्वारा गत

माह में जमा कराये गये वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के चालान की प्रति आगामी माह के बिल के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न की जायेगी। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की राशि जमा कराने के प्रमाण स्वरूप चालान की प्रति प्रस्तुत किये जाने पर ही आगामी माह के बिल में जी.एस.टी. का भुगतान किया जावेगा। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के दायित्वों के निर्वहन का उत्तरदायित्व संवेदक का होगा।

48. श्रम विधिओं के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों व अधिसूचनाओं तथा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये दिशा–निर्देशों की पालना करने का दायित्व संवेदक का ही होगा। इनकी पालना नहीं करने की स्थिति में उसके परिणामों/दायित्वों के लिये संवेदक स्वयं उत्तरदायी होगा।

49. यदि संवेदक एवं कार्य पर लगाये गये ठेका श्रमिकों के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी प्रबन्धकीय जिम्मेदारी संवेदक की होगी। इसके लिये उपापन संस्था का सक्षम प्राधिकारी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 एवं राजस्थान ठेका श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 का उचित प्रकार से तथा निष्ठापूर्वक पालन करने के लिये उत्तरदायी होगा।

50. नियोजित ठेका श्रमिकों के द्वारा 240 दिवस पूर्ण कर लिये जाने पर औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 में विहित प्रावधानों के अनुसार ही उन्हें को हटाने, कार्यमुक्त करने, नोटिस वेतन, छंटनी, मुआवजा आदि देने का समस्त उत्तरदायित्व संवेदक/बिडर का होगा।

51. कार्य सम्पादन अवधि के दौरान कार्य के संबंध /संदर्भ में किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति या मुआवजा देने/ई.एस.आई. करवाने/ सामूहिक दुर्घटना बीमा कराने इत्यादि की जिम्मेदारी एवं दायित्व संवेदक का होगा, इसके लिये उपापन संस्थान की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

52. यदि संवेदक द्वारा नियमानुसार निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत उपापन संस्था को प्राप्त होती है तो उपापन संस्था इस संबंध में श्रम विभाग को अनिवार्य रूप से सूचित करेगी और नियमानुसार आवश्यक होने की स्थिति में संवेदक को डिबार कराने की कार्यवाही करगी।

53. निर्धारित तिथि एवं समय अपलोड की गई बिड को मुख्यालय की उपापन समिति (क्रय समिति) द्वारा बिडर या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला (डाउनलोड) जावेगा।

54. बिडर की तकनीकी बिड में सफल होने पर ही वित्तीय बिड खोली जावेगी, तथा वित्तीय बिड खोलने की सूचना ई–प्रोक द्वारा स्वतः मैसेज के माध्यम से बिडर को प्राप्त हो जावेगी।

55. तकनीकी बिड के साथ जीएसटी पंजीयन/ईएसआई/पी.एफ./श्रम विभाग का पंजीकरण/आयकर विभाग से पैन नंबर आदि की सत्यापित प्रतियां ऑनलाईन बिडर को प्रस्तुत करनी होगी। इनके अभाव में बिड को अस्वीकार कर दिया जावेगा।

56. सफल बिडर को 15 दिवस के भीतर–2 अनुबंध करना होगा, व अनुबन्ध के साथ कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा करानी होगी।

57. संस्थान न्यूनतम दर को स्वीकार करने के लिये बाध्य नहीं होगी। साथ ही बिना कारण बताये बिड को निरस्त किया जा सकेगा।

58. कार्यादेश, अनुबंध आदि के संबंध में अगर कोई भी विवाद होता है, तो संबंधित फर्म के द्वारा प्रभारी संचालक महोदय को एकल पंच नियुक्ति करने का अनुरोध किया जा सकता है। एकल पंच द्वारा लिया गया निर्णय दोनों पार्टियों को स्वीकार योग्य होगा, तथा एकल पंच पर किये गये समस्त व्यय दोनों पार्टियों द्वारा समान रूप से वहन किया जावेगा।

59. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्राधिकार जयपुर स्थित न्यायालय होंगे।

60. **दरें वित्तीय बिड (BOQ) में ही अंकित करें। झोटवाड़ा (जयपुर) मदिरालय पर भारत निर्मित/हेरिटेज/5 यू.पी. के. के. मदिरा/सैनिटाईजर/ अन्य भराई समस्त कार्य की वित्तीय बिड**

**में एल–1 का निर्धारण तीनो श्रेणियों (180– 500 एमएल, 750- 2000 एमएल, 5000 एमएल) में प्राप्त न्यूनतम औसत दर (जीएसटी रहित) के आधार पर किया जायेगा।**

61. **कार्यानुभव :–** बिडर फर्म को गत तीन वर्षों में किसी भी एक वर्ष में किसी एक राजकीय अथवा गैर राजकीय संस्थान में न्यूनतम 20 श्रमिक/मानव संसाधन से मदिरा भराई कार्य की सेवाएं उपलब्ध कराने का अनुभव होना चाहिए। **इस हेतु समर्थन में उन्हें सरकारी/गैर सरकारी विभाग द्वारा जारी किये गये अनुभव प्रमाण पत्र की प्रति बिड दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करनी होगी तथा उस पर कार्य किये जाने की अवधि, उपलब्ध कराये गये श्रमिकों की संख्या, संबंधित फर्म का सम्पर्क विवरण दिया जाना आवश्यक होगा।** उक्त अनुभव प्रमाण के सत्यापन किये जाने पर यदि दस्तावेज जाली अथवा गलत पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही की जा सकेगी। वर्तमान में राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स में कार्य कर रहे बिडर्स को उक्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।
62. बिडर फर्म का गत दो वित्तीय वर्षों में औसतन वार्षिक टर्नओवर सेवा प्रदाय से 06 लाख से कम नहीं होना चाहिए। इस हेतु 2019–20 व 2020–21 के CA द्वारा जारी टर्नऑवर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।
63. कॉन्ट्रेक्टर को मदिरालय पर चोरी के प्रकरण में लिप्त कार्मिको को तुरन्त हटाना होगा एवं चोरी के प्रकरण में लिप्त कार्मिको पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं करने की स्थिति में अनुबन्ध निरस्त किया जा सकेगा। कॉन्ट्रेक्टर की शिफ्ट समाप्ति के समय कॉन्ट्रेक्टर अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधी का मदिरालय गेट पर उपस्थिति आवश्यक होगी। कॉन्ट्रेक्टर द्वारा उसके कार्मिको की चैकिंग में सहयोग किया जावेगा तथा मदिरा चोरी करते पाए गये कार्मिक को तुरन्त प्रभाव से हटाना होगा। ऐसा नहीं करने की स्थिति में कॉन्ट्रेक्टर को चोरी प्रकरण में संलिप्त मानते हुए अनुबन्ध समाप्त कर दिया जावेगा।
64. कॉन्ट्रेक्टर के श्रमिकों के द्वारा चैन से गिरे हुए सही पव्वें व सही पीपी सील्स (ढक्कन) को फर्श से प्रत्येक घंटे की अवधि में उठाकर वापस उसी दिन उपयोग में लिया जावेगा। क्षतिग्रस्त पीपी सील्स में सही पीपी सील्स मिलने की स्थिति प्रतिदिन श्रमिक लगाकर छंटनी कराई जाकर उसी दिन उपयोग में लिया जावेगा।
65. ''बोलीदाता (bidder) के द्वारा निविदा प्रस्तुत किये जाने के समय राजस्थान श्रमिक अनुबंधित अधिनियम एवं श्रमिक अनुबंध नियम, 1970/संशोधन अधिनियम, 2014 तथा कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के अद्यतन प्रावधानों के अन्तर्गत पंजीकरण करवाना आवश्यक है, तो बोलीदाता द्वारा पंजीकरण प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। यदि नियमों के अन्तर्गत बोलीदाता पंजीकरण बाध्यता की सीमा में नहीं है तो वह तदनुसार वचन–पत्र (Undertaking) प्रस्तुत करते हुए बोली में भाग ले सकता है। सफल बोलीदाता को यह शपथ–पत्र (Affidavit) प्रस्तुत करना आवश्यक होगा कि निविदा अवधि के दौरान यदि उसके द्वारा राजस्थान श्रमिक अनुबन्धित अधिनियम एवं श्रमिक अनुबन्ध नियम, 1970/संशोधन अधिनियम, 2014 तथा कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत पंजीकरण कराया जाना आवश्यक हो तो तदनुसार पंजीकरण कराते हुए प्रमाण–पत्र की प्रति संबंधित कार्यालय को उपलब्ध करवाई जायेगी।''
66. **हेरिटेज मदिरा संस्थान के उच्च गुणवत्ता के उत्पाद होने के कारण गुणवत्ता कंट्रोल के लिए अनुबंधित भराईकर्ता फर्म को फिलिंग/सिलिंग/पैकेजिंग के लिए सुपरवाईजर्स लगाया जाना अनिवार्य होगा।**



**बिडर के हस्ताक्षर एवं मोहर**

# राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड
## बिड एवं संविदा के लिये सामान्य शर्तें

**नोट—यदि सामान्य शर्तों व विशेष शर्तों में विरोधाभास हो तो विशेष शर्त का आशय ही मान्य होगा। यदि सामान्य व विशेष शर्त को आरटीपीपी एक्ट व नियम से विरोधाभास हो तो एक्ट व नियम का अर्थ ही अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।**

1. बिड को बिड सूचना में दिए गए निर्देशों के अनुसार उचित रूप बिड ई—प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।
2. (1) फर्म के गठन आदि में किसी भी परिवर्तन की सूचना संस्थान को लिखित में बिडर द्वारा दी जायेगी तथा इस परिवर्तन से संविदा के अधीन किसी भी दायित्व से, फर्म के पहले सदस्य को मुक्त नहीं किया जाएगा।

   (2)संविदा के सम्बन्ध में फर्म में किसी भी नए भागीदार/भागीदारों को बिडर द्वारा फर्म में तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक कि वे इसकी समस्त शर्तो को मानने के लिए बाध्य नहीं हो जाते एवं संस्थान को इस सम्बन्ध में लिखित इकरारनामा प्रस्तुत नहीं कर देते। प्राप्ति स्वीकृति के लिए बिडर की रसीद या बाद में उपरोक्त रूप में स्वीकार की गयी किसी भागीदार की रसीद उन सब को बाध्य करेगी तथा वह संविदा के किसी प्रयोजन के लिए पर्याप्त रूप से उन्मुक्ति (डिस्चार्ज) होगी ।
3. दर शब्दों एवं अंकों दोनों में लिखी जाएगी। इसमें कोई त्रुटियां एवं/या उपरिलेखन नहीं होना चाहिए। यदि कोई शुद्धियां करनी हों तो स्पष्ट रूप से की जानी चाहिए एवं उन पर दिनांक सहित लघु हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।
4. विधिमान्यता :— बिड, उनके खोले जाने की तारीख से 90 दिवस की अवधि के लिए विधिमान्य होगी।
5. बिडर अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी को नहीं सौंपेगा या उप—भाड़े (सब लैट) पर नहीं देगा।
6. निरीक्षण :— (क) संस्थान या उसका विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि, सभी युक्तियुक्त समयों पर प्रदायकर्ता के परिसर में जाएगा तथा उसे विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद, जैसा भी निश्चय किया जाए, सभी युक्तियुक्त समयों पर मालों/उपकरणों/मशीनों की सामग्री एंव कर्म कौशल का निरीक्षण एवं जांच करने की शक्ति होगी।

   (ख) बिडर अपने कार्यालय, गोदाम एवं वक्रशाप के परिसर का, जहां पर निरीक्षण किया जा सकता है, पूर्ण पता, उस व्यक्ति के नाम व पते के साथ देगा जिससे उस प्रयोजन के लिए सम्पर्क करना होगा। उन डीलरों के मामले में, जो व्यवसाय में नए प्रविष्ट हुए हैं, अपने बैंकर्स से एक परिचय—पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
7. बिडर उचित पैकिंग करने के लिए उत्तरदायी होगा ताकि समुद्र, रेल, सड़क या वायुयान द्वारा परिवहन की सामान्य स्थिति में उनमें कोई नुकसान न हो तथा गन्तव्य स्थल पर माल प्राप्तकर्त्ता को माल की सुपुर्दगी अच्छी दशा में प्राप्त हो सके। किसी प्रकार की हानि, नुकसान, टूट—फूट या रिसाव (लीकेज) या किसी कमी के होने के मामले में, बिडर माल प्राप्तकर्ता द्वारा उन सामग्रियों की जांच/निरीक्षण किए जाने पर पायी गयी ऐसी हानि एवं कमी की पूर्ति करने के लिए उत्तरदायी होगा। इसके लिए कोई अतिरिक्त लागत अनुज्ञेय नहीं होगी।
8. प्रदाय हेतु संविदा को, यदि माल का प्रदाय संस्थान की सन्तुष्टि के अनुसार नहीं किया जाता है, तो बिडर को सुनवाई का एक युक्तियुक्त अवसर देने के बाद संस्थान किसी भी समय निराकृत कर सकता है। वह इस प्रकार निराकृत करने के कारणों को अभिलिखित करेगा।
9. बिडर या उसके प्रतिनिधि की ओर से प्रत्यक्ष या अप्रत्य़क्ष रूप से अपना पक्ष समर्थन कराना एक प्रकार की अनर्हता होगी ।
10. बोली प्रतिभूति राशि :— Provided that, during the period commencing from the date of commencement of the Rajasthan Transparency in Public Procurement (Second Amendment) Rules, 2020 to 31.12.2021, in lieu of bid security a Bid Security Declaration shall be taken.



बिडर के हस्ताक्षर एवं मोहर

(क) बिड के साथ एनेक्सर ''एफ'' अनुसार बोली प्रतिभूति राशि प्रस्तुत की जाएगी। इसके बिना बिड पर विचार नहीं किया जाएगा। यह राशि आरएसजीएसएम के पक्ष में निम्नलिखित में से किसी रूप में भी जमा करायी जानी चाहिए :–

(1) खुली प्रतियोगी बोली, द्वि–प्रक्रमी बोली, दर संविदा, इलैक्ट्रोनिक रिवर्स नीलाम के मामले में बोली प्रतिभूति बोली के लिए प्रस्तुत उपापन की विषय वस्तु के प्राक्कलित मूल्य का 1 प्रतिशत होगी या जैसा राज्य सरकार विनिर्दिष्ट करे। राजस्थान के लघु उद्योगों की दशा में यह प्रदाय के लिए प्रदत्त मात्रा का 0.5 प्रतिशतहोगी और लघु उद्योगों से भिन्न रूग्ण उद्योगों की दशा में जिनके मामले औद्योगिकी एवं वित्त पुननिर्माण बोर्ड के समक्ष लम्बित है, यह बोली के मूल्य का 1प्रतिशत होगी। राज्य सरकार द्वारा रजिस्ट्रीकृत बोली लगाने वालों से विनिर्दिष्ट रियायती बोली प्रतिभूति ली जा सकेगी। उपापन प्रक्रिया में भाग लेने वाले प्रत्येक बोली लगाने वाले से, यदि छूटप्राप्त नहीं हो तो बोली आमंत्रित करने वाली सूचना में यथा–विनिर्दिष्ट बोली प्रतिभूति देने की अपेक्षा की जायेगी।

(2) बोली प्रतिभूति के स्थान पर, बोली प्रतिभूति घोषणा राज्य सरकार के विभागोंऔर सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रित या प्रबंधित उपक्रमों, निगमों, स्वायत निकायों,रजिस्ट्रीकृत सोसाइटियों, सहकारी सोसाइटियों और केन्द्रीय सरकार या राजस्थानसरकार के सरकारी उपक्रम और कम्पनियों से ली जायेगी।

(3) बोली प्रतिभूति लिखत या बोली प्रतिभूति की नकद (नेफ्ट/आरटीजीएस) रसीद या बोली प्रतिभूतकरने की घोषणा आवश्यक रूप से मुहरबंद बोली के साथ होगी।

(4) उपापन संस्था के पास अन्य बोलियों में प्रतीक्षित विनिश्चय के संबंध में रखीहुई बोली लगाने वाले की बोली प्रतिभूति, नयी बोली के लिए बोली प्रतिभूति मेंसमायोजित नहीं की जायेगी। तथापि, मूल रूप से जमा करायी गयी बोली प्रतिभूति बोली के पुनः आमंत्रित किये जाने की दशा में विचार में ली जा सकती है।

